बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अन्तर्गत राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में व्याख्याता के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित **वि.सं.– 29/2014 (टेक्सटाईल अभियंत्रण/टेक्नोलॉजी)**, वि.सं.– **30/2014 (सिरामिक्स इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी)**, वि.सं.– **31/2014 (ऑटोमोबाईल अभियंत्रण/टेक्नोलॉजी)**, वि.सं.– **37/2014 (रसायनिक अभियंत्रण/टेक्नोलॉजी)** एवं **वि.सं.– 42/2014 (पुस्तकालय विज्ञान)** के अर्हित एवं औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों की लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा दिनांक 28.12.2015 को दो पालियों में निम्नलिखित परीक्षा केन्द्र पर आयोजित की जायेगी:–

परीक्षा केन्द्र का नाम	परीक्षा की तिथि एवं दिन	प्रथम पाली 10.30 पूर्वाह्न से 12.30 अपराह्न
राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, लाल बहादुर शास्त्रीनगर, पटना।	28.12.2015 (सोमवार)	वि.सं.– 29/2014, (टेक्सटाईल अभियंत्रण/टेक्नोलॉजी) वि.सं.– 37/2014, (रसायनिक अभियंत्रण/टेक्नोलॉजी) वि.सं.– 42/2014, (पुस्तकालय विज्ञान)

द्वितीय पाली 02.00 अपराह्न से 04.30 अपराह्न	
02.00 अपराह्न से 03.00 अपराह्न	वि.सं.– 30/2014, सिरामिक्स इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी वि.सं.– 31/2014, ऑटोमोबाईल अभियंत्रण/टेक्नोलॉजी (दोनों विज्ञापनों के लिए इंजीनियरिंग गणित)
03.30 अपराह्न से 04.30 अपराह्न	वि.सं.– 30/2014, सिरामिक्स इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी वि.सं.– 31/2014, ऑटोमोबाईल अभियंत्रण/टेक्नोलॉजी (दोनों विज्ञापनों के लिए इंजीनियरिंग विज्ञान)

2. उपर्युक्त विज्ञापनों में से वि.सं.– 29/2014, 30/2014, 31/2014, 37/2014 एवं 42/2014 से सम्बन्धित प्रारंभिक रूप से अर्हित, औपबंधिक रूप से अर्हित एवं अनर्हित उम्मीदवारों की सूची पूर्व में आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित की गई थी। इस परीक्षा में शामिल होने मात्र से आपकी अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। परीक्षाफल प्रकाशन के किसी भी स्तर पर आपकी अर्हता की समीक्षा करने के उपरान्त उसपर यथोचित निर्णय लेने का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित होगा।
3. उपर्युक्त परीक्षाओं के लिए अर्हित/औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाईट पर परीक्षा की निर्धारित तिथि के एक सप्ताह पूर्व से उपलब्ध रहेंगे जिन्हें डाउनलोड कर उम्मीदवार परीक्षा में भाग ले सकते हैं। **उम्मीदवारों को डाक से (By Post) प्रवेश पत्र नहीं भेजे जाएंगे।**
4. सभी अर्हित/औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवार परीक्षा की तिथि को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र के अतिरिक्त कोई एक फोटोयुक्त पहचान पत्र, यथा मतदाता पहचान पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस, पैन कार्ड आदि मूल में एवं इसकी एक छायाप्रति अपने साथ अनिवार्य रूप से लाना सुनिश्चित करेंगे।
5. उक्त सूचना आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर भी उपलब्ध है।

4/12/2015

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना